# तस्करों का पीछा कर रही पुलिस पर बदमाशों ने गोलियां चलाई

## पुलिस ने भी तस्करों पर दो राउंड कांउटर फायरिंग की

**बालोतरा,** (निसं)। बालोतरा में नाकाबंदी तोड़कर भागे तस्करों का पीछा कर रही पुलिस पर बदमाशों ने एक राउंड फायरिंग कर दी। पुलिस की ने भी दो राउंड कांउटर फायरिंग की। कार का टायर फटने के बाद भी

- **तस्कर करीब 8 किलोमीटर तक स्कॉर्पियों को दौड़ाते रहे**
- **टायर फटने से कार गड्ढे में जा गिरी, एक तस्कर गिरफ्तार, एक फरार**

तस्कर करीब 8 किलोमीटर तक स्कॉर्पियों को दौडाते रहे। कार अनकंट्रोल होकर सडक किनारे गड्ढे में जा गिरी। एक तस्कर का पैर फ्रैक्चर होने से कार में फंस गया, जिसे पुलिस ने दबोच लिया। एक बदमाश मौका पाकर फरार हो गया। वहीं कार से बडी मात्रा में डोडा पोस्ट बरामद किया गया है। मामला बालोतरा जिले के पचपदरा थाना क्षेत्र का है। कार्रवाई मंगलवार सुबह नौ बजे की है।

पचपदरा डीएसपी भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि कंट्रोल रूम की सूचना पर पचपदरा पुलिस द्वारा बागुंडी सरहद के पास नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान जोधपुर के तरफ से आ रही एक स्कॉर्पियों को रोकने का प्रयास किया पर कार ने नाकाबंदी तोड़कर भाग गए। जिस पर पचपदरा पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया।

दो किलोमीटर पीछा करने के बाद तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी दो राउंड काउंटर फायरिंग की। गोली लगने के बदमाशों की कार का टायर फट गया। इसके बाद भी बदमाश स्कॉर्पियों को दौड़ाते रहे। बाडी सरहद से दस किलोमीटर दूर दूदवा सीमा के पास कार अनकंट्रोल कार गड्ढे में गिर गई। एक बदमाश कार से निकलकर भागने में कामयाब हो गया। वहीं एक तस्कर कार में फंसा रहा। जिसे पुलिस ने दबोचा लिया। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन कर रही है।

**गड्ढे में गिरने से एक तस्कर का पैर हुआ फ्रैक्चर :-** जानकारी के अनुसार दूसरा तस्कर भी भागने की फिराक में था, लेकिन कार गड्ढे में गिरने से तस्कर का पैर फ्रैक्चर हो गया और भागने में सफल नहीं हो पाया। जिस पर पचपदरा पुलिस ने तुरंत एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

## पाली में पुलिस व तस्करों में मुठभेड़, एक तस्कर की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले के खिंवाड़ा थाना इलाके में सोमवार रात पुलिस और तस्करों में जोरदार मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस की गोली लगने से एक तस्कर की मौके पर ही मौत हो गई।

- **पूरे मामले को संभालने के लिए पुलिस मुख्यालय से एडीजी क्राइम दिनेश एमएन को पाली भेजा**
- **बताया जा रहा है कि तस्करों से भारी मात्रा में डोडा-पोस्त बरामद किया**



**पुलिस ने तस्कर के शव को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।**

तस्कर की मौत के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। तस्करों से भारी मात्रा में डोडा-पोस्त बरामद किया बताया जा रहा है। मुठभेड़ की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पूरे मामले को संभालने के लिए पुलिस मुख्यालय से एडीजी क्राइम दिनेश एमएन को पाली भेजा गया है, वे पाली पहुंच गए हैं। तस्कर के शव स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# 16.50 लाख का अफीम डोडा-चूरा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस को सूचना मिली कि हरियाणा के तस्कर चित्तौड़गढ़ के बेंगू से अवैध डोडा तस्करी कर हरियाणा ले जाते हैं


**पुलिस द्वारा पकड़ा गया आरोपी व जब्त कार।**

**जयपुर।** पुलिस मुख्यालय क्राइम ब्रांच स्पेशल टीम की सूचना पर भीलवाड़ा जिले की बिजौलिया थाना पुलिस की टीम ने सोमवार देर रात एक ब्रेजा कार से 110 किलो अवैध अफीम डोडा-चूरा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 16 लाख 50 हजार रुपये है।

- **अवैध मादक पदार्थ व कार जब्त, एक गिरफ्तार, एक तस्कर फरार**

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मध्य नजर अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा प्रदेश स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इसी संदर्भ में चित्तौड़गढ़ से अटैच हेड कांस्टेबल महावीर सिंह एवं कांस्टेबल रमेश चंद्र को सूचना मिली कि हरियाणा के तस्कर चित्तौड़गढ़ के बेंगू क्षेत्र से अवैध डोडा तस्करी कर हरियाणा ले जाते हैं। एडीजी एमएन ने बताया कि इस सूचना को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी के सुपरविजन एवं पुलिस निरीक्षक राम सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा विकसित किया गया। सोमवार को सूचना की पुष्टि होने के बाद एसएचओ बिजौलिया को सूचित किया गया।

थाना पुलिस की टीम द्वारा नेशनल हाईवे 27 पर अंतर जिला बॉर्डर नाका नला का माताजी पहुंच नाकाबंदी की गई। देर रात चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रही एक मारुति ब्रेजा कार नाके से कुछ दूरी पहले रुक गई, जिसमें से दो व्यक्ति उतरकर भागने लगे। पीछा कर एक को टीम ने दबोच लिया। कार की तलाशी ली गई तो 11 प्लास्टिक के कट्टों से 110 किलो डोडा-चूरा बरामद किया गया। अवैध मादक पदार्थ व कार को जब्त कर पकड़े गए आरोपी किरण पाल पंडित पुत्र जोगी राम (38) निवासी थाना राजौन्द जिला कैथल हरियाणा को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में किरण पाल ने भागने वाले आरोपी का नाम गोल्डी सरदार निवासी नीमणाबाद थाना सफीदों जिला जींद हरियाणा बताया और नशे की खेप जींद निवासी हरविंद्र सिंह के लिए ले जाना बताया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। एडीजी ने बताया कि इस कार्रवाई में चित्तौड़गढ़ से अटैच हेड कांस्टेबल महावीर सिंह व कांस्टेबल रमेश चन्द्र की विशेष भूमिका रही। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत द्वारा किया गया।

# विश्वराज सिंह मेवाड़ व भवानी सिंह कालवी दिल्ली में भाजपा में शामिल

## मेवाड़ को उदयपुर से, कालवी को डेगाना से दिया जा सकता है टिकट

**जयपुर/उदयपुर।** महाराणा प्रताप के वंशज और पूर्व मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य विश्वराज सिंह मेवाड़, भवानी सिंह कालवी मंगलवार को नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। इसके साथ ही सियासी चर्चा शुरू हो गई है कि उनको विधानसभा चुनाव लड़ाया जाएगा क्या और अगर पार्टी चुनाव लड़ाएगी तो किस सीट से लड़ाया जाएगा। वहीं भवानी सिंह को डेगाना विधानसभा से टिकट दिया जा सकता है। महाराणा प्रताप के वंशज को अपने साथ लाकर भाजपा ने बड़ा सियासी दांव खेला है क्योंकि विश्वराज सिंह के पिता महेंद्र सिंह मेवाड़ की आज भी राजपूत समाज में गहरी पकड़ है। महाराणा प्रताप का वंशज होने के नाते समाज की उनमें गहरी आस्था भी है।

- **मेवाड़ को लाने में दिया कुमारी का अहम रोल माना जा रहा है**
- **विश्वराज सिंह के पिता महेंद्र सिंह मेवाड़ की आज भी राजपूत समाज में गहरी पकड़ है**
- **मेवाड़ के भाजपा में आने के साथ ही कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं**

उदयपुर से आने वाले मेवाड़ ने सदस्यता लेने के बाद प्रधानमंत्री से लेकर भाजपा के बड़े नेताओं का आभार जताया। नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताते हुए कहा कि सभी ने मुझे पार्टी में शामिल होने का मौका दिया। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, भाजपा के राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी व सांसद दीया कुमारी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली।

इस मौके पर विश्वराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि आधुनिक भारत को देखते हुए मैं एक नाम और जोड़ना चाहता हूं महाराणा भूपाल सिंह, जिन्होंने मेवाड़ का विलीनीकरण भारत के साथ किया, उनको उकसाने के लिए उस समय बहुत लोग थे पर वे अडिग थे, उनका यह मानना था कि यह निर्णय तो हमारे पूर्वजों ने ही ले लिया था। उन्होंने मोदी सरकार के कामकाज की प्रशंसा की। भगवान एकलिंगनाथ से प्रार्थना करता हूं हम सब साथ मिलकर सही रास्ते पर प्रगति की ओर बढ़ते रहें।

मेवाड़ को भाजपा में शामिल कराने में राजसमंद सांसद दीया कुमारी का अहम रोल है। दीया कुमारी जब सांसद का चुनाव जीती थीं तब यहां इनके पिता महेन्द्र सिंह मेवाड़ से मिलने आईं। विश्ववराज सिंह मेवाड़ की भाजपा में लाने में दीया कुमारी की बड़ी भूमिका मानी जा रही है। विश्वराज सिंह मेवाड़ के पिता महेन्द्र सिंह मेवाड़ 1989 में लोकसभा का चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस की निर्मला कुमारी को करीब 1.91 लाख वोटों से हराया था। इसके बाद अगला चुनाव कांग्रेस के बैनर से लड़ा था और हार गए थे। 1996 में उन्होंने कांग्रेस के बैनर तले भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ा और चुनाव हार गए थे।

मेवाड़ के भाजपा में आने के साथ ही कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इसमें सबसे अहम तो यह है कि क्या उनको भाजपा चुनाव लड़ाएगी। वैसे गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाने के बाद से यह सीट खाली पड़ी है और यहां कई दावेदार सामने हैं। भाजपा इस सीट पर मजबूत उम्मीदवार उतारने जा रही है और पूरा जोर है कि स्थानीय को ही मौका दिया जाए। अब मेवाड़ के भाजपा में शामिल होने के बाद इनके नाम पर भी चर्चा होने लगी। वैसे इनको नाथद्वारा से चुनाव लड़ाने को लेकर या लोकसभा में राजसमंद से चुनाव लड़ाने की भी चर्चा सामने आई है।

दिल्ली में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के समय पार्टी के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राजसमंद सांसद एवं इस बार के विधानसभा चुनाव में विद्यानगर से भाजपा की प्रत्याशी दीया कुमारी की मौजूदगी रही।

# फैक्ट्री में हादसा, महिला मजदूर की मौत

## परिजन मुआवजे की मांग पर अड़ गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। चितौड़ रोड़ पर अंनत फैक्ट्री के निकट एक गोदाम में ट्रक से केमिकल के कट्टे खाली करने के दौरान महिला श्रमिक की मौत हो गई। परिजन मुआवजे की मांग पर अड़ गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

- **ट्रक को आगे-पिछे लेते समय महिला श्रमिक पर ट्रक से कट्टे गिर गए थे**

एफसीआई गोदाम के निकट रहने वाले रामसिंह ने बताया कि उसकी बहन कैलाशी बंजारा पत्नी वकील बंजारा मजदूरी के लिए गठिला खेड़ा के अभिषेक समीप स्थित सोमाणी के गोदाम पर गई थी, जहां ट्रक से कट्टे खाली किए जा रहे थे, इसी दौरान ट्रक को आगे-पिछे लेते वक्त महिला श्रमिक पर ट्रक से कट्टे गिर गए, जिससे वह अचेत हो गई। रामसिंह ने बताया कि गोदाम मालिक ने उन्हें अस्पताल की जगह माताजी के स्थान पर भेज दिया, जहां ले जाने पर उसे अस्पताल से इलाज कराने की बात कहीं और जब कैलाशी को उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। कैलाशी के चार संतानें बताई गई, जो काफी छोटी है, उनके सिर से मां का साया छिन गया। रामसिंह ने कहा कि अब सोमाणी ना तो अस्पताल आ रहा है और ना ही बात कर रहा है, और वो धमकियां दे रहा है। परिजनों ने मुआवजा नहीं मिलने तक लाश उठाने से मना कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले में कार्यवाही करते हुए ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

## विवाहित महिला ने की खुदकुशी

**नदबई,** (निसं)। लखनपुर थाना क्षेत्र के गांव लुलहारा में गृहक्लेश से परेशान विवाहित महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर लखनपुर थाना पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। बाद में संदिग्ध स्थिति में महिला की मौत होने की सूचना पर पुलिस सीओ हरीराम मीणा ने भी मौके पर जांच पडताल कर शव को कब्जे में लिया। साथ ही मृतक महिला के पीहर पक्ष को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मेडीकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों की मानें तो पूजा जाटव की 2016 में लुलहारा निवासी हेमराज जाटव के साथ शादी हुई। मृतक महिला का पति हेमराज जाटव मजदूरी करता। इसी के चलते दोनों के बीच गृहक्लेश था।

# जाली नोट प्रकरण में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावर** (निसं)। जाली नोट प्रकरण में तीन और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 25 नवंबर को सिटी थानाधिकारी सिटी द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर तेजा मेला से तीन आरोपियों से 500-500 रुपये के 90 जाली नोट जप्त कर गिरफ्तार किया था।

आरोपी से पूछताछ करने के दौरान अन्य आरोपियों की जानकारी मिलने पर उनकी तलाश की गई। जानकारी मिलने के बाद आरोपी दिल्ली पुलिस द्वारा पूर्व में अन्य प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक अभिरक्षा में हैं। इस पर न्यायालय से 16 अक्टूबर को प्रोडेक्शन वारण्ट के जरिये तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपीगयो को पूछताछ हेतु न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। आरोपी ग्राम रलावता पुलिस थाना पादू कला निवासी शिवलाल पुत्र छीतरराम जाट, ग्राम रलावता पादू कला निवासी संजय पुत्र छीतरमल जाट ग्राम भेरूंदा पादू जिला निवासी शकूर मोहम्मद दिलदार मोहम्मद आदि है।


**जाली नोट प्रकरण में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया।**

# "पोएट्री एन्थोलॉजी माय एपीटॉफ" का अजमेर के मेयो कॉलेज में विमोचन


**पुस्तक का विमोचन मेयो कॉलेज बॉयज़ कमेटी के चेयरमैन रणधीर विक्रम सिंह, मेयो कॉलेज के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंद्र कुलकर्णी आदि ने किया।**

**जयपुर।** मेयो कॉलेज, अजमेर के स्टो क्लब में आयोजित एक बुक सेशन में पोएट्री एन्थोलॉजी माय एपीटॉफ का विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन मेयो कॉलेज बॉयज़ कमेटी के चेयरमैन रणधीर विक्रम सिंह, मेयो कॉलेज के निदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल सुरेंद्र कुलकर्णी, मेयो कॉलेज ओबीएस के अध्यक्ष कर्नल भवानी सिंह, मेयो कॉलेज के पूर्व इंग्लिश टीचर सुरेश माथुर और पुस्तक के लेखक, जगदीप सिंह द्वारा किया गया।

जगदीप सिंह, जो मेयो कॉलेज के पूर्व छात्र हैं, ने स्मिता चंदेला के साथ चर्चा की। इस दौरान कविता के व्यापक पहलुओं जैसे जीवन के उतार-चढ़ाव, प्रेम की पीड़ा, मृत्यु की अनिवार्यता, कविता लिखने का संघर्ष आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। इस एन्थोलॉजी की विशेषता कुछ विश्वप्रसिद्ध साहित्यिक हस्तियों जैसे सिल्विया प्लाथ, हैमलेट, हेमिंग्वे और योसेरियन, जो उपन्यास कैच-22 के नायक हैं, पर लिखित कविताएं हैं। इसके पश्चात, दर्शकों द्वारा प्रश्न-उत्तर सेशन आयोजित हुआ। बुक इवेंट में मेयो कॉलेज के स्टूडेंट्स और इंग्लिश फैकल्टी सहिच अजमेर शहर के साहित्य और कविता प्रेमियों ने भाग लिया। अंत में, लेखक ने किताबों की प्रतियों पर हस्ताक्षर भी किए।

# 29 लाख के नकली नोटों के साथ एक गिरफ्तार

## सुखासिंह एक जाली करेंसी चलाने वाली गैंग का सदस्य है, कई सदस्यों के नाम बताये

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले की टाउन पुलिस ने 29 लाख के नकली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नकली नोटों के साथ पकड़ा गया सुखासिंह एक जाली करेंसी चलाने वाली गैंग का सदस्य हैं। यह गैंग लोगों को नोट दौगुने करने का झांसा देकर असली की जगह नकली नोट देकर ठगने काम करती हैं।

आरोपी के पास से 29 लाख से ज्यादा चिल्ड्रन बैंक लिखे नकली नोट, सफेद कागज की पांच गाडियां, स्टेशनरी, एक साइड छपे 25 नोट सहित असली 4200 रुपए बरामद हुए हैं। आरोपी ने गैंग में शामिल अन्य कई सदस्यों के नाम भी लिए है, जिन्हें नामजद किया गया है। इस कार्रवाई में खास बात यह रही कि पूरी कार्रवाई बीकानेर पुलिस के इनपुट पर हुई है। लोकल स्तर पर नकली नोटों को इधर-उधर करने का बड़ी गैंग काम कर रही थी लेकिन पुलिस अनजान थी।

टाउन सीआई ने बताया कि बीकानेर पुलिस ने जिला पुलिस कप्तान डॉक्टर राजीव पचार को नकली नोट गिरोह के इनपुट दिए थे। जिसके बाद एसपी के निर्देशन में टाउन थाना स्तर पर टीम गठित की गई। इनपुट के आधार पर एक मकान की घेराबंदी कर गैंग के एक सदस्य को पकड़ा गया। जिसने अपने कई साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। टाउन सीआई वेदपाल श्योराण ने बताया कि पकड़े गए गिरोह के सदस्य सूखा सिंह (27) पुत्र मलकीत सिंह निवासी पन्नीवाली पीएस टिब्बी के पास से एक बैग, 29 लाख 70 हजार 2 सौ रुपए के नकली नोट, स्टेशनरी, एक साइड से छपे हुए 25 नोट और 4200 रुपए असली नोट बरामद हुए हैं। नकली नोटों 500,200,100 और 50 रुपए करेंसी शामिल है।

सीआई वेदपाल ने बताया कि गैंग के सदस्य सूखा सिंह से पूछताछ में पता चला कि गैंग के बदमाश लोगों को नोट दोगुने करने का झांसा देकर असली की जगह नकली नोट थमा कर फरार हो जाते हैं। इसके अलावा अलग-अलग तरीकों से ध्यान भटका कर असली नोटों की जगह नकली नोट देकर ठगी करते हैं। आरोपी से ठगी के शिकार लोगों के बारे में जानकारी ली जा रही है। सीआई ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि ये लाखों रुपए के नकली नोटों की खेप राजस्थान के बाड़मेर जिले के कुछ युवकों को सप्लाई करनी थी। लेकिन उससे पहले ही पकड़ा गया। आरोपी ने अपने अन्य साथियों मंगू सिंह, सुखदेव सिंह, छिन्द्र सिंह निवासी फतेहपुर सहित गिरोह के अन्य सदस्यों के नाम बताये हैं। पुलिस ने आरोपी के बयान पर उसके साथियों को भी नामजद किया है। उनकी तलाश की जा रही है।

- **यह गैंग लोगों को नोट दौगुने करने का झांसा देकर असली की जगह नकली नोट देकर ठगने काम करती हैं**

महाजन थानाधिकारी गणेश बिश्नोई ने बताया कि रेंज में विधानसभा चुनाव के चलते बॉर्डर इलाकों सहित पुलिस थाना स्तर पर नाकाबंदी की जा रही है। बीकानेर जिले के महाजन थाना पुलिस ने अर्जुनसर चेक पोस्ट पर नाकाबंदी कर रखी थी। तभी एक कार आई जिसकी तलाशी ली गई। कार में सवार तीन युवकों ने अपनी पहचान बाड़मेर निवासी के रूप में दी। युवकों के संदिग्ध लगने पर पुलिस ने उनके मोबाइल चैक किए तो उनमें नोटों की फोटो और वीडियो मिले। पूछताछ करने पर पता चला कि यह फोटो और वीडियो उन्हें हनुमानगढ़ से किसी आदमी ने भेजे हैं। इस पर पुलिस ने हनुमानगढ़ पुलिस को सूचना दी। महाजन पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में ले लिया।

नकली नोट गिरोह के सदस्य वॉट्सऐप और अन्य सोशल साइट के जरिए ग्राहकों को नोटों के बंडल, बैग और बड़ी खेप के फोटो और वीडियो भेजकर अपना शिकार बनाते हैं। सूत्रों के मुताबिक गैंग के लोग पुलिस ने बचने के लिए अपना ठिकाना बदलते रहते हैं। यहां तक कि सप्लाई देने के समय भी बार-बार जगह बदलते रहते हैं ताकि पुलिस उन तक न पहुंच सके। 14 सितंबर को भी संगरिया पुलिस ने नकली नोटों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नकली नोटों के साथ पांच जनों को गिरफ्तार किया था। संगरिया पुलिस की गिरफ्त में आए गिरोह ने 50 लाख से भी अधिक की ठगी करना स्वीकार किया था। उस समय भी पुलिस को इनपुट थे कि ये गैंग जिले में पूरी तरह सक्रिय है।

अब टाउन पुलिस के हाथ लगे इस अलग गिरोह के सदस्य से इस बात की पुष्टि हो गई है कि नकली नोटों का खेल बड़े स्तर पर खेला जा रहा है। बीकानेर पुलिस से इनपुट नहीं मिलता तो हनुमानगढ़ पुलिस को तो पता भी नहीं चल पाता कि उनके क्षेत्र में अभी भी नकली नोट गिरोह बड़े स्तर पर काम कर रहा है। जो प्रदेश के अलग-अलग जगहों पर नकली नोट सप्लाई कर लोगों से ठगी कर रहा है।बीकानेर जिले की महाजन पुलिस की सतर्कता ने एक गिरोह का पर्दाफाश करवाने में अहम भूमिका निभाई।